**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नई दिल्ली। बुधवार • 25 मई • 2022 | राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

# दिल्ली को बनाएंगे 'झीलों का शहर'

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार राजधानी में झीलों के संरक्षण व उसके सौंदर्यीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। पहले चरण में दिल्ली की 20 झीलों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पुनर्जीवित , विकसित और संरक्षण करने का निर्णय लिया गया है।

दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में डीपीजीएस, वेटलैंड अथॉरिटी ऑफ़ दिल्ली, पर्यावरण विभाग के अधिकारियों और लैंड ओनिंग एजेंसीज के साथ संयुक्त बैठक की गई । इस बैठक में डीपीजीएस, एमसीडी, सीपीडब्लूडी, पीडब्लूडी , डीडीए , डीएसआईआईडीसी, राजस्व आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने इस परियोजना के बारें में प्रकाश डालते हुए बताया कि केजरीवाल सरकार दिल्ली में झीलों के संरक्षण व उसके सौंदर्यीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। झीलें दिल्ली के इकोसिस्टम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ये पानी का स्रोत होने के साथ ही जलीय जीवन को सपोर्ट करने और जलवायु को नियंत्रित करने में भी मदद करती है, लेकिन इन झीलों की वर्तमान हालातों को देखते हुए , इनको पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए दिल्ली की वेटलैंड अथॉरिटी, पर्यावरण विभाग द्वारा कुल 1045 झीलों में से करीबन 1018 झीलों की मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही इन सभी 1045 झीलों को



**20 झीलों का अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप किया जाएगा संरक्षण एवं विकास : गोपाल राय**

**पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता में सभी लैंड ओनिंग एजेंसीज के साथ संयुक्त बैठक आयोजित**

यूआईडी नंबर भी आवंटित किए गए है। आगे इसी परियोजना के आधार पर बाकी झीलों का भी विकास किया जाएगा। इस परियोजना के तहत दिल्ली को झीलों के शहर के रूप में विकसित किया जाएगा।

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि पहले चरण में दिल्ली की 20 झीलों का सौन्दर्यीकरण और विकास करने का निर्णय लिया गया है । इसमें संजय झील , हौज़खास झील , भलस्वां झील , स्मृति वन (कुंडली), स्मृति वन (वसंत कुंज), टिकरी खुर्द झील, नजफगढ़ झील , वेलकम झील , दर्यापुर कलां झील, पुठ कलां (सरदार सरोवर झील), मुंगेशपुर , घीरपुर , संजय वन का एमपी ग्रीन एरिया, अवंतिका सेक्टर - 1 रोहिणी के जिला पार्क, बरवाला , वेस्ट विनोद नगर (मंडावली , फजलपुर), मंडावली गाँव, अंडावली गाँव राजोरी गार्डन, बरवाला और झटिकरा की झीलें शामिल है।

**जिला-स्तरीय शिकायत निवारण कमेटी का गठन :** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि झीलों के विकास और पुनर्जीवित के लिए सबसे महत्वपूर्ण है की उन झीलों से सम्बंधित शिकायतों पर कार्य किया जाए । अभी तक की आई रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमण, सीवेज डिस्चार्ज और ठोस कचरे की डंपिंग मुख्य समस्याओं के तौर पर देखी गई है । इन्ही समस्याओं के निवारण और झीलों के विकास के लिए जिला-स्तरीय शिकायत निवारण कमेटी गठित की गई है जो समय समय पर इन झीलों की निगरानी और निरीक्षण का काम करेंगी। साथ ही झीलों से सम्बंधित शिकायतों का निपटारा भी करेंगी ।

अमर उजाला | बुधवार, 25 मई 2022

# नए एलजी विनय कुमार सक्सेना कल लेंगे शपथ

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली को नए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना औपचारिक तौर पर 26 मई से कार्यभार संभालेंगे। राजनिवास में सुबह करीब 11 बजे सक्सेना शपथ ग्रहण करेंगे।



दिल्ली के पूर्व एलजी अनिल बैजल के इस्तीफे के बाद सक्सेना को नया उपराज्यपाल चुना गया है। सक्सेना कॉरपोरेट जगत से दिल्ली के उपराज्यपाल का पद संभालने वाले पहले व्यक्ति हैं।

उपराज्यपाल कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, राजपुर रोड स्थित राजनिवास में बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। इस दौरान नए उपराज्यपाल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश दिल्ली के 22वें उपराज्यपाल के तौर पर शपथ दिलाएंगे। आमंत्रित अतिथियों में दिल्ली के मुख्यमंत्री समेत दिल्ली कैबिनेट, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्य सचिव, दिल्ली के सभी सांसद और राज्यसभा सदस्यों सहित प्रमुख नौकरशाह मौजूद रहेंगे। शपथ लेने के बाद दिल्ली सरकार के साथ तालमेल बैठाकर वह दिल्ली की बेहतरी के लिए निर्णय लेना शुरू करेंगे। दिल्ली एक केंद्र शासित प्रदेश है, जिसमें विधानसभा भी है। कानून व्यवस्था, जमीन, पुलिस एवं सेवाएं उपराज्यपाल के द्वारा केंद्र सरकार के मातहत आती हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपराज्यपाल अध्यक्ष भी होते हैं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS--- पंजाब केसरी ----------DATE 25 मई, 2022 ▸ बुधवार

पहल...

पर्यावरण मंत्री ने दिल्ली सचिवालय में झीलों को पुनर्जीवित करने को लेकर सभी लैंड ओनिंग एजेंसीज के साथ की संयुक्त बैठक

# 20 झीलों का किया जाएगा का विकासः गोपाल राय

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली की 20 झीलों का अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुरूप संरक्षण एवं विकास किया जाएगा। यह बात गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को कही। दिल्ली सचिवालय में मंगलवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में डीपीजीएस, वेटलैंड अथॉरिटी ऑफ़ दिल्ली, पर्यावरण विभाग के अधिकारियों और लैंड ओनिंग एजेंसीज के साथ संयुक्त बैठक की गई। इस बैठक में डीपीजीएस, एमसीडी, सीपीडब्लूडी, पीडब्लूडी, डीडीए, डीएसआईआईडीसी, राजस्व आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहें। बैठक के दौरान दिल्ली की झीलों के सौन्दर्यीकरण और संरक्षण को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि पहले चरण में दिल्ली की 20 झीलों को अंतर्राष्ट्रीय मानको के अनुरूप पुनर्जीवित, विकसित और संरक्षण करने का निर्णय लिया गया।

**दिल्ली को बनाया जाएगा झीलों का शहरः राय**

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इस परियोजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि केजरीवाल सरकार दिल्ली में झीलों के संरक्षण व उसके सौंदर्यीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। झीलें दिल्ली के इको सिस्टम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पानी का स्रोत होने के साथ ही जलीय जीवन को सपोर्ट करने और जलवायु को नियंत्रित करने में भी मदद करती हैं, लेकिन इन झीलों की वर्तमान हालातों को देखते हुए, इनको पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया गया हैं। इसके लिए दिल्ली की वेटलैंड अथॉरिटी, पर्यावरण विभाग द्वारा कुल 1045 झीलों में से करीबन 1018 झीलों की मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया गया हैं। साथ ही इन सभी 1045 झीलों को यूआईडी नंबर भी आवंटित किए गए हैं। आगे इसी परियोजना के आधार पर बाकी झीलों का भी विकास किया जाएगा।



▸▸ बैठक के दौरान गोपाल राय व अन्य।

## इन झीलों का होगा सौन्दर्यीकरण

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि पहले चरण में दिल्ली की 20 झीलों का सौन्दर्यीकरण और विकास करने का निर्णय लिया गया है। इसमें संजय झील, हौज खास झील, भलस्वा झील, स्मृति वन (कुडली), स्मृति वन (वसंत कुंज), टिकरी खुर्द झील, नजफगढ़ झील, वेलकम झील, दरियापुर कलां झील, पुठ कलां (सरदार सरोवर झील), मुंगेशपुर, धीरपुर, संजय वन का एमपी ग्रीन एरिया, अवंतिका सेक्टर-1 रोहिणी के जिला पार्क, बरवाला, वेस्ट विनोद नगर (मंडावली, फजलपुर), मंडावली गांव, राजोरी गार्डन, बरवाला और झटिकरा की झीलें शामिल है।

## शिकायत निवारण कमेटी का गठन

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि झीलों के विकास और पुनर्जीवित के लिए सबसे महत्वपूर्ण है की उन झीलो से संबंधित शिकायतों पर कार्य किया जाए। अभी तक की आई रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमण, सीवेज डिस्चार्ज और ठोस कचरे की डंपिंग मुख्य समस्याओ के तौर पर देखी गई हैं। इसको देखते हुए एक जिलास्तरीय शिकायत निवारण कमेटी गठित की गई है, जो समय समय पर इन झीलों की निगरानी और निरीक्षण का काम करेंगी। साथ ही झीलों से सम्बंधित शिकायतों का निपटारा भी करेंगी।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS दैनिक जागरण नई दिल्ली, 25 मई, 2022 | 5 ------DATED------

# चुनौतियों से होगा नए एलजी का स्वागत, केंद्र व राज्य के बीच तालमेल बड़ी परीक्षा

संजीव गुप्ता • नई दिल्ली

दिल्ली के नए उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने अभी पदभार भले न संभाला हो, लेकिन उनका स्वागत करने के लिए चुनौतियां तैयार हैं। दरअसल, सक्सेना को राजधानी के प्रशासनिक मुखिया का पद उस वक्त मिला है जब यहां की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार में तलवारें खिंची हुई हैं। ज्यादातर मुद्दों पर दोनों एक-दूसरे के सामने खड़ी हैं। ऐसे में नए एलजी के लिए नगर निगम के एकीकरण को सफल बनाना और केंद्र व राज्य सरकार के बीच तालमेल बैठाना पहली परीक्षा होगी। खास बात यह है कि सक्सेना दिल्ली के पहले ऐसे उपराज्यपाल हैं, जो कभी सरकारी सेवा में नहीं रहे।

बता दें कि निवर्तमान उपराज्यपाल अनिल बैजल का लगभग पूरा (पांच साल साढ़े चार माह लंबा) कार्यकाल आप सरकार के साथ तनातनी में ही गुजरा है। कमोबेश ज्यादातर मसलों पर इनके बीच मतभेद सामने आए। बैजल के कार्यकाल में तो ऐसा भी हुआ कि जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रियों के साथ राजनिवास के समक्ष ही धरने पर बैठ गए थे। ऐसे में सक्सेना का कार्यकाल भी कांटों भरा होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता।

- पदभार संभालने से पहले ही जटिल मुद्दे सुलझाने को तैयार
- सक्सेना दिल्ली के पहले ऐसे एलजी हैं, जो कभी सरकारी सेवा में नहीं रहे



हम नए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की नियुक्ति का स्वागत करते है। जिस तरह हमने पूर्व उपराज्यपाल अनिल बैजल जी के साथ मिलकर दिल्ली मे बहुत सारे काम किए, उसी तरह इनके साथ भी करेंगे। दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। -अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री, दिल्ली

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग में अपने काम का लोहा मनवा चुके सक्सेना को दिल्ली के उपराज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद सबसे पहले एकीकृत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को पटरी पर लाने के साथ-साथ दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच सामंजस्य बैठाना पड़ेगा। उपराज्यपाल के समक्ष बड़ी चुनौती यह भी होगी कि निगम के एकीकरण की प्रक्रिया सुचारु तरीके से और समयबद्ध तरीके से पूरी हो जाए। दिल्ली नगर निगम की वित्तीय हालत को सुधारने में भी उनकी भूमिका अहम होगी।

दरअसल, दिल्ली में सफाई व्यवस्था से लेकर सड़कें बनाने और नाले साफ करने से लेकर अनेक कार्यों में नगर निगम की भूमिका अहम रहती है। वर्ष 1997 के बाद पहली बार नगर निगम पूरी तरह से अधिकारियों पर निर्भर हुआ है। ऐसे में आमजन से जुड़े मामलों में अधिकारियों की भूमिका सकारात्मक रहे और जनप्रतिनिधि न होने की स्थिति में अधिकारी, जनता की समस्याओं का समाधान जल्द करें, इसमें भी उपराज्यपाल की अहम भूमिका होगी।

उपराज्यपाल दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष भी होते हैं। इस लिहाज से उन्हें अभी तक फाइनल नहीं हुए दिल्ली के मास्टर प्लान-2041 पर भी ध्यान देना होगा। हालांकि, मास्टर प्लान बनाने की प्रक्रिया काफी हद तक पूरी हो चुकी है, लेकिन अब उसे अंतिम रूप देने की जिम्मेदारी नए उपराज्यपाल की होगी। इसके बाद ही दिल्ली का नया मास्टर प्लान अधिसूचित और लागू होगा।

दिल्ली में विभिन्न विषयों पर केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच चल रही रस्साकशी के बीच संतुलन बनाना भी नए उपराज्यपाल के लिए आसान नहीं होगा। इनमें सबसे महत्वपूर्ण विषय सर्विसेज से जुड़ा है। इस मसले पर दिल्ली और केंद्र के बीच पहले से ही टकराव चल रहा है। अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट में भी है।

### कल हाई कोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश दिलाएंगे शपथ

विनय कुमार सक्सेना दिल्ली के 22वें एलजी के रूप में बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राजनिवास में होगा और इस अवसर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनके मंत्रिमंडल के सदस्य, विधानसभा अध्यक्ष, दिल्ली के सभी सांसद और अन्य विशिष्ट लोग उपस्थित रहेंगे। उपराज्यपाल को शपथ दिल्ली हाई कोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी दिलवाएंगे। इसके बाद नए एलजी न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा को दिल्ली हाई कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाएंगे। संविधान विशेषज्ञ एसके शर्मा ने कहा, 'दिल्ली में पहली बार ऐसा अनोखा संयोग हो रहा है।' सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने 17 मई को दिल्ली हाई कोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा के नाम की सिफारिश की थी।

### निगमायुक्त ने एलजी से की शिष्टाचार भेंट

वि., नई दिल्ली : दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ज्ञानेश भारती ने मंगलवार को नवनियुक्त उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना से शिष्टाचार भेंट करके उन्हें शुभकामना दी। इस अवसर पर ज्ञानेश भारती ने उपराज्यपाल महोदय को नगर निगम के एकीकरण से जुड़ी जानकारी दी एवं दिल्लीवासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने संबंधी निगम की कार्य योजना से अवगत कराया। ज्ञानेश भारती ने कहा कि एलजी के सुझावों एवं मार्गदर्शन में कार्य करते हुए नगर निगम लोगों को बेहतर सुविधाएं देगा। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में भी नगर निगमों ने लोगों की सेवा में कमी नहीं आने दी। भविष्य में भी नगर निगम नागरिकों की सुविधा के लिए तत्पर रहेगा।



नए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से शिष्टाचार मुलाकात करते निगमायुक्त ज्ञानेश भारती (बाएं) • सौ. एमसीडी

# राजधानी की 20 झीलों को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर किया जाएगा विकसित : राय

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : झीलों के विकास के संबंध में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में संबंधित एजेंसियों की बैठक हुई। बैठक में दिल्ली पार्क एंड गार्डन सोसायटी (डीपीजीएस), वेटलैंड अथारिटी आफ दिल्ली, पर्यावरण विभाग के अधिकारियों, लैंड आनिंग एजेंसीज, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं ढांचागत विकास निगम (डीएसआइआइडीसी) एवं राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद गोपाल राय ने बताया कि पहले चरण में दिल्ली की 20 झीलों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पुनर्जीवित, विकसित और संरक्षित करने का निर्णय लिया गया।

- झीलों को पुनर्जीवित करने के लिए पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता में संबंधित एजेंसियों की हुई बैठक
- कहा, वेटलैंड अथारिटी आफ दिल्ली ने 1045 में से 1018 झीलों की मैपिंग का काम किया पूरा

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि वेटलैंड अथारिटी और पर्यावरण विभाग ने कुल 1045 में से करीब 1018 झीलों की मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया है। इन 1045 झीलों को यूआईडी नंबर भी आवंटित कर दिए गए हैं। आगे इसी परियोजना के आधार पर बाकी झीलों का भी विकास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण की 20 झीलों में संजय झील, हौजखास झील, भलस्वा झील, स्मृति वन (कुंडली), स्मृति वन (वसंत कुंज), टिकरी खुर्द झील, नजफगढ़ झील, वेलकम झील, दर्यापुर कलां झील, पुठ कलां (सरदार सरोवर झील), मुंगेशपुर, धीरपुर, संजय वन का एमपी ग्रीन एरिया, अवंतिका सेक्टर- एक रोहिणी के जिला पार्क, बरवाला, वेस्ट विनोद नगर (मंडावली, फजलपुर), मंडावली गांव, राजौरी गार्डन, बरवाला और झटिकरा की झीलें शामिल हैं।



दिल्ली सचिवालय में बैठक लेते पर्यावरण मंत्री गोपाल राय • सौ. दिल्ली सरकार

गोपाल राय ने बताया कि झीलों को पुनर्जीवित के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि उन झीलों से संबंधित शिकायतों पर कार्य किया जाए। अभी तक की आई रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमण, सीवेज डिस्चार्ज और ठोस कचरे की डंपिंग मुख्य समस्या के तौर पर देखी गई है। इन समस्याओं के निवारण और झीलों के विकास के लिए जिलास्तरीय कमेटी गठित की गई है।

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
WEDNESDAY, MAY 25, 2022

# 20 lakes to be revived in city, says Gopal Rai

Times News Network

**New Delhi:** Delhi environment minister Gopal Rai on Tuesday said 20 lakes in Delhi would be revived in accordance with international standards.

Rai who chaired a meeting with officials from Delhi Parks and Garden Society, Wetland Authority of Delhi, environment department and land-owning agencies like corporation, CPWD, PWD, DDA, DSIIDC and the revenue department said, "It was decided to revive and develop 20 lakes in Delhi in accordance with international standards in the first phase of this project. The Kejriwal government is dedicated to the preservation and enhancement of the city's lakes."

The environment minister said encroachment, sewage discharge, and solid waste disposal had been identified as important challenges. "To address these concerns and promote lake development, a district grievance committee has been constituted."

The 20 lakes, which are to be revived, include Sanjay Lake; Hauz Khas Lake; Bhalswa Lake; Smriti Van (Kondali), Smriti Van (Vasant Kunj), etc.